हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 अगस्त 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 दल ने किया कृषि कॉलेज का भ्रमण



07 परंपरागत व धार्मिक भक्ति भाव से मनाया जाएगा ...



## खबर संक्षेप

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 28 अगस्त को

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 28 अगस्त को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदनों की सुनवाई करेंगे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में आरंभ होगा। सभी संबंधित अधिकारियों को इसमें उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्मार्ट मीटर लगाने के कारण बंद रही बिजली

**विदिशा।** स्मार्ट मीटर लगाने के कारण रविवार को जोन-1 के 11 केवी राघवजी कॉलोनी फीडर से सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रही। इस दौरान राघवजी कॉलोनी, राजपूत कॉलोनी, जतरापुरा, रामलीला चौराहा, मोहनगिरी, वैस दरवाजा, वाटर बक्स रोड, कृष्णधाम कॉलोनी, राधारानी कॉलोनी, महलघाट और मंडी रोड क्षेत्रों में बिजली गुल रही। बता दें स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है। जिले में स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बढ़े हुए बिल की समस्या सामने आई थी।

### मरखेड़ा में सर्पदंश से एक महिला की हुई मौत

**विदिशा।** शनिवार शाम को नटेरन के ग्राम बरखेड़ा में 60 वर्षीय मल्लू बाई मालवीय को सांप ने डंस लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। रिवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### हरिपुरा में किशोर ने फांसी लगाई

**विदिशा।** हरिपुरा निवासी 15 वर्षीय किशोर सोनू यादव ने अपने घर में अज्ञात कारण के चलते फांसी लगा ली। परिजनों ने शनिवार शाम को उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को शव का पीएम कराया है। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि फांसी लगाई जाने के कारण फिलहाल अज्ञात हैं मर्ग कायम का मामले की जांच की जा रही है।

### ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में 15 यूनिट रक्तदान किया



**विदिशा।** दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारी बालाजी पुरम सेवा केंद्र में ब्रह्माकुमारी सपना बहन के सानिध्य में रक्तदान किया गया। दादी प्रकाशमणि जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, मनोज कटारे, एएसपी प्रशांत चैबे, समाजसेवी अतुल शाह, गोविंद देवलिया, जीएस चौहान, लायंस क्लब अध्यक्ष शाश्वत शर्मा, राजकुमार सर्राफ, अरुण सोनी, अमोल अग्रवाल, क्लब के सभी मेंबर, बीके चमन लाल, एचडीएफसी बैंक मैनेजर श्रीनाथ एवं अनेक समाजसेवी मौजूद रहे।

### प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार

**ग्यारसपुर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणेश उत्सव की तैयारी चलने लगी हैं। भक्त जगह-जगह पंडाल सजने लगे हुए वहीं मूर्तिकार भी मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। ग्यारसपुर निवासी मूर्तिकार यशवंत प्रजापति के द्वारा बताया गया है कि 50 रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक की मूर्तियों की भेंट रखी गई है। इस वर्ष आकर्षण का केंद्र है महाकाल की सवारी और अयोध्या नाथ श्री रामचंद्र जी की झांकी। उन्होंने बताया है कि लगातार 35 वर्षों से मूर्ति बनाने का कार्य कर रहे हैं। पूरा परिवार झांकियां बनाने में जुटा रहता है। लगातार 3 माह पूर्व से झांकियां बनाने का कार्य प्रारंभ किया जाता है।



कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी भी दौड़े

# मैराथन दौड़: 12 किमी की दौड़ में 318 लोगों ने लिया हिस्सा, 77 साल के बुजुर्ग भी दौड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर रविवार को मैराथन का आयोजन किया गया।

यह दौड़ आरटीओ ऑफिस से शुरू होकर उदयगिरी होते हुए वापस आरटीओ ऑफिस पर समाप्त हुई। आयोजन का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में नशा मुक्ति का संदेश फैलाना था। इसमें कुल 318 लोग शामिल हुए। मैराथन में कुल 318 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 250 पुरुष और 68 महिलाएं शामिल थीं। जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन ने बताया कि विदिशा के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी धावक इस आयोजन में शामिल हुए। तीन श्रेणियों में दौड़ और विशेष दौड़ का आयोजन किया गया। 3 किलोमीटर दौड़ में 76 धावकों ने हिस्सा लिया। वहीं 6 किलोमीटर दौड़ में 63 धावक और 12 किलोमीटर मुख्य दौड में 117 धावकों ने भाग लिया। इसके अलावा नशा मुक्ति का संदेश फैलाने के लिए 62 नागरिकों ने विशेष दौड़ में भाग लिया। मैराथन की सबसे खास बात यह रही कि 77 साल के बुजुर्ग ने भी इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि नशे से दूरी और नियमित दौड़ने से उनका स्टेमिना मजबूत हुआ है। सुबह 6 बजे से शुरू हुई दौड़ में हिस्सा लेने पंजीयन कराए गए थे। इस अवसर पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित कशवानी और अन्य अधिकारियों ने भी दौड़ में हिस्सा लिया। कलेक्टर और एसपी ने भी फर्राटेदार दौड़ लगाई। कलेक्टर ने बताया कि मैराथन दौड़ में टाइमिंग सिस्टम और ट्रैकिंग तकनीक का इस्तेमाल हुआ। जिसके आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।



**विदिशा।** सुबह छह बजे मौराथन दौड़ का शुभारंभ किया गया।



**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी भी दौड़े।

**विजेताओं के नाम** मैराथन दौड़ में शामिल हुए धावकों में से सबसे कम समय में दौड़ पूरी करने वालों को कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी ने पुरस्कृत किया। 12 किलोमीटर की दौड पूरी करने वाले प्रथम तीन विजेताओं को नगद राशि मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए। जबकि अन्य को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। दौड़ में शामिल धावकों के समय की मैपिंग कर पूरी निगरानी गई। स्टार्ट पॉइंट यू टर्न पॉइंट ऑफ फिनिशिंग प्वाइंट पर डिजिटल क्लॉक के माध्यम से टाइमिंग की माप की गई। वहीं यू टर्न पर मौजूद सदस्यों के द्वारा धावकों को निर्धारित ग्रुप जोन समूह के रंग अनुसार स्टाइगर युक्त सिक्के प्रदाय किए गए। ताकि स्टार्ट प्वाइंट वापसी स्थल पर पहुंचने पर किसी भी प्रकार की शंकाएं ना हों। 12 किमी दूर की मैराथन दौड़ में पुरुष विजेताओं में प्रथम विनोद सिंह (39.25 मिनट), द्वितीय अमरदीप पाल (39.54 मिनट) और तृतीय स्थान अभिषेक यादव (41.56 मिनट) ने हासिल किया है। जबकि महिला वर्ग में प्रथम कोमल साहू (48.08 मिनट) ने, द्वितीय मनीषा (50.18 मिनट) ने और तृतीय स्थान पर अमृता (55.15 मिनट) रहीं। 6 किलोमीटर दूर की मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम गोपाल बैरवा (19.25 मिनट), द्वितीय गोपाल कुशवाह (24.09 मिनिट) तथा तृतीय स्थान निखिल मालवीय (29.01 मिनट, महिला वर्ग में प्रथम स्थान श्रृष्टि प्रजापति (28.31 मिनट, द्वितीय स्थान नैनशी पासी (33.45 मिनट और तीसरा स्थान कशिश (35.16 मिनट) ने प्राप्त किया है। तीन किलोमीटर मैराथन दौड़ में 15 वर्ष से छोटे बच्चों में मास्टर बिकिल, आदित्य नितिन यादव विजयी रहे।

# गाय बांध रहे किशोर के गले में फंस गई रस्सी, मौत


### सागर निवासी 14 वर्षीय किशोर मामा के घर आया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ओलिंजा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। शनिवार शाम को गाय को बांधते समय रस्सी गले में फंसने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सागर निवासी कृष्ण पटेल अपनी मां के साथ मामा के घर ओलिंजा आया हुआ था।

शाम के समय वह गाय को बांध रहा था। इसी दौरान अचानक रस्सी उसके गले में उलझ गई। कृष्णपाल ने रस्सी निकालने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। इससे उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों ने जैसे ही यह देखा तुरंत उसके गले से रस्सी निकालने का प्रयास किया। किसी तरह रस्सी तो खोल दी गई, लेकिन तब तक किशोर की हालत खराब हो चुकी थी। उसे तुरंत विदिशा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पूरनपुरा गली नंबर पांच की हालत खस्ता, गिर रहे वाहन चालक, पलट रहे ई रिक्शा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के पूरनपुरा गली नंबर पांच की स्थित गड्ढों के कारण इतनी खराब हो गई है कि वाहन चालक गिरने लगे हैं और ई रिक्शा पलट रहे हैं।

करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से इस सड़क के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इस मार्ग पर कई कॉलोनियां भी हैं। कॉलोनी के रहवासियों ने शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। वहीं पेढ़ी चौराह से धर्माधिकारी चौक तक सड़कों पर गड्ढे बहुत ज्यादा हैं। स्थिति यह है कि यहां सड़क कहीं दिखती ही नहीं, केवल गहरे व खतरनाक गड्ढे ही नजर आते हैं। आवागमन करने वाले वाहन चालक रोजाना इन गड्ढों से दो-चार हो रहे हैं। कई जगह गहरे गड्ढों के कारण टू-व्हीलर चालक फिसलकर गिर रहे हैं तो वहीं चार पहिया वाहनों में आए दिन पंक्चर और टूट-फूट की स्थिति बन रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग आवागमन की दृष्टि से बेहद अहम है, लेकिन लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण यात्री दुर्घटनाओं की आशंका के साथ गुजरने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में यह गड्ढे छोटे-छोटे तालाब का रूप ले लेते हैं, जिनसे निकलना वाहन चालकों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता।

# भुजरिया मिलन कार्यक्रम में करणी सेना के पदाधिकारियों ने किया शक्ति प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार दोपहर सम्राट गार्डन में करणी सेना का भुजरिया मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बाहर से आए करणी सेना के सदस्यों और पदाधिकारी के वाहनों का काफिला शहर में प्रवेश कर गार्डन पहुंचा। इस दौरान दर्जनों वाहनों पर युवा खिड़कियों पर बैठे थे, तो वहीं कुछ युवक कार की छतों पर भी बैठकर आए। कुछ युवाओं के हाथों में बंदूकें थी जो वह लहराते हुए चल रहे थे। मुख्य मार्गों से होता हुआ काफिला सम्राट गार्डन पहुंचा। जहां पर भुजरिया मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सैकड़ों की संख्या में समाजजन मौजूद रहे। भुजरिया मिलने के बहाने राजपूत समाज और करणी सेना द्वारा शक्ति प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सभी समाजजन अपनी पारंपरिक पोषाख में शामिल हुए।




**विदिशा।** भुजरिया मिलने में आए करणी सेना के पदाधिकारियों का किया सम्मान।

### सेना भर्ती: 573 युवाओं में से 352 की दौड़ पास

**विदिशा।** विदिशा जिले में जारी अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन 24 अगस्त रविवार को को मप्र के 4 जिले पांढुर्णा, हरदा, गुना और राजगढ़ जिला के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। कर्नल जय शंकर सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार 688 उम्मीदवारों में से 573 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। उम्मीदवारों ने एक दुसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और जिसमे 352 युवाओं ने दौड़ पास की। इन दौड़ पास उम्मीदवारों को इस के बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। जिला प्रशासन विदिशा और सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है।

# वन विभाग ने सागौन की लकड़ी के साथ ही बाइक भी जब्त की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

वन विभाग ने कर्रवाई कर सागौन सहित 2 बाइक जब्त कीं हैं।

बीती रात मुखबिर की सूचना पर दक्षिण परिक्षेत्र कार्रवाई करते हुए 2 बाइक सहित सागौन की लकड़ी जब्त की गई। शनिवार की दरम्यानी रात में लकड़ी चोरों द्वारा बाइक से सागौन की लकड़ी चोरी करने की सूचना प्राप्त होने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक चौधरी ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर भेजी। वन अमले की टीम ने झूकर जोगी ग्राम के पास मेन रोड पर दो बाइक और अवैध रूप से ले जाई जा रही सागौन के 8 नग जब्त किए। वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण विवेक चौधरी के मार्गदर्शन में वन अमला पुष्पेंद्र डामोर, राजधर अहिरवार, मनोहर शर्मा, अफजल खां, अशफाक अली मौजूद रहे।

### 27 तारीख से फिर शुरू होगी झमाझम बारिश

**विदिशा।** मौसम विभाग के मुताबित 27 तारीख से फिर बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। प्रदेश के ऊपर से एक मानसून ट्रफ गुजर रही है। वहीं उत्तरी हिस्से में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है। इस वजह से शुक्रवार को कई जिलों में बारिश हुई। अगले तीन दिन के लिए कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लेकिन इसमें विदिशा शामिल नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार 27 अगस्त तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। जिले में फिलहाल भारी बारिश की स्थिति नहीं है। स्थानीय दबाव और श्रीगंगानगर-ग्वालियर की ओर बनी ट्रफ लाइन से बारिश का दौर जारी रहेगा। 25 अगस्त तक ओडिशा और बंगाल की खाड़ी की ओर नया कम दबाव बनने की संभावना है। जिससे छुटपुट बारिश होने की संभावना है। हालांकि अभी विदिशा जिले में औसम बारिश नही हुई है।

## पुस्तक मेले में लाखों किताबें लेकर 33 प्रकाशक पहुंचे हैं विदिशा

# साहित्य, राजनीति सभी विषयों की किताबें उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आडिटोरियम में आयोजित हो रहे पुस्तक मेले में पुस्तक प्रेमियों के लिए सभी विषयों पर किताबें लेकर देशभर के प्रकाशक पहुंचे हैं। साहित्य से लेकर राजनीति, विज्ञान और वे सभी विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध हैं जिनको पढ़ने की रुचि पुस्तक प्रेमियों में होती है। विदिशा सहित बाहर से भी पुस्तक प्रेमी इसमें शामिल हो रहे हैं।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के विशेष प्रयासों से नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा इस पुस्तक मेले का आयोजन हुआ है। विदिशा जैसे शहर के लिए एक बड़ी उपलब्ध है। सोमवार 25 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी शशि मिश्रा द्वारा उपलब्ध कराई गई है जिसके अनुसार पुस्तक मेला आयोजन स्थल रविंद्रनाथ टैगोर संस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए सुबह 10 बजे से कला और शिल्प कार्यशाला विधा की जानकारी जलज कुमार वर्मा द्वारा दी जाएगी। इसके बाद पूर्वाहन 11 बजे से कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को सृजनात्मक लेखन प्रक्रियाओ से शिवनारायण अवगत कराएंगे और बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। शाम 5 बजे से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा 9 से 12वी के छात्रों का होगा।






**विदिशा।** शहर के जनप्रतिनिधि और वरिष्ठजनों ने भी पुस्तक मेले में पहुंचकर शिरकत की।

### भगवान झूलेलाल के 40 व्रत का समापन

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सिंधी समाज के द्वारा 40 दिन पहले झूलेलाल को याद करते हुए 40 दिन का व्रत प्रारंभ किया गया था। व्रत पूर्ण होने पर ज्योति कलश का बेतवा नदी में विसर्जन किया गया। उसके साथ ही विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर में ही लंगर का आयोजन भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।





## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में शामिल होने की अपील

**गंजबासौदा।** ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी के 18 वें पुण्य स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस के पावन अवसर पर पूरे देश में एक साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी नंदिनी दीदी ने बताया कि सोमवार 25 अगस्त को सुबह 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र पर आयोजित किया गया है। ब्रह्मकुमारीज ने देश में एक लाख यूनिट ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा है। यह महाअभियान गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पहुंचकर रक्तदान में भाग लेने की अपील की गई है। रक्तदान के पश्चात ब्रह्माकुमारी बहनों एवं अतिथियों द्वारा प्रशंसा सर्टिफिकेट प्रदान किए जाऐंगे।

### आज मनेगा जन्मोत्सव

**गंजबासौदा।** भादों की दूज सोमवार को बाबा खाटू श्याम मंदिर चक स्वरूप नगर में भगवान बाबा रामदेव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाऐगा। जिसमें मंगला आरती, अभिषेक उपरांत, विशाल भंडारा एवं शाम को पालना दर्शन एवं छप्पन भोग लगेंगे।

### पंचतत्व करेगी निःशुल्क गणेश प्रतिमाएं वितरित

**गंजबासौदा।** पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा माटी से बने इकोफ्रेन्डली श्री गणेश मूर्ति कानिःशुल्क वितरण कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर 12 बजेश्री शीतला शक्तिधाम में रखा गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होने की अपील है। यहां उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र की अग्रणी संस्था पंचतत्व द्वारा पिछले कई वर्षों से मिट्टी की इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं बनाने और लोगों को घरों में विराजमान करने के लिए निःशुल्क वितरित करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि पीओपी की प्रतिमाओं का चलन कम हो और पर्यावरण को कम नुकसान हो।

### मानसून क्रिकेट टूर्नामेंट 24 टीमों ने लिया भाग

**गंजबासौदा।** रविवार को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में एक दिवसीय मानसून क्रिकेट टूर्नामेंट खेला गया। इसमें 24 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में केवल तीन खिलाड़ी शामिल थे। टूर्नामेंट का नियम अलग था। हर मैच दो ओवर का होता था। बल्लेबाज सिर्फ चौके और छक्के ही लगा सकते थे। सिंगल रन लेने की अनुमति नहीं थी। वाइड और नो बॉल के अतिरिक्त रन भी गिने जाते थे। फाइनल मुकाबला शाम 5 बजे बासौदा और कुरवाई की टीमों के बीच खेला गया। कुरवाई की टीम ने दो ओवर में 14 रन बनाए। बासौदा की टीम ने अंतिम ओवर में लक्ष्य पूरा कर लिया। विजेता टीम को 11,000 रुपये और एक ट्रॉफी दी गई। उपविजेता कुरवाई की टीम को 5,000 रुपये और ट्रॉफी दी गई।

## छाई गहरी घटाएं .....



**गंजबासौदा।** इलाके में इन दिनों आसमान पर दिन भर गहरी काली घटाएं छाई रहती हैं और सर्द हवा के साथ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कही तेज बारिश तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। रविवार को भी आसमान पर घटाएं छाई रहीं और दिन में रह रहकर बौछारें पडती रहीं। पाठशाला ग्राउंड में बारिश के बाद फैली हरियाली की चादर और आसमान पर गहरी घटाओं का आकर्षक नजारा हरिभूमि छायाकार राजा छारी ने अपने कैमरे में कैद किया।

# मेंटेनेंस के चलते बिजली प्रदाय घंटों तक रहा बंद, नागरिक रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




रविवार को गोकुल धाम सब स्टेशन पर मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली सप्लाई बंद रही। बिजली वितरण कंपनी के अनुसार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहा। प्रभावित क्षेत्रों में इमली चौराहा, शहनाई गार्डन के पीछे का इलाका, विश्वंभरा कॉलोनी, जयहिंद विद्यालय, लक्ष्मी नारायण मंदिर, सुभाष निकेतन गली, गायत्री नगर, जय पैलेस के पीछे का क्षेत्र, आदित्य परिसर के पीछे का इलाका, राम नगर और बेतौली क्षेत्र शामिल हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि बारिश के मौसम में भी विद्युत विभाग मेंटेनेंस कार्य कर रहा है। इससे आए दिन 2 से 4 घंटे की बिजली कटौती होती है। मेंटेनेंस के बाद तेज हवाओं और बारिश के दौरान भी शहर के कई हिस्सों में बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। नागरिकों का कहना है कि विद्युत कंपनी द्वारा मानसून आने के पूर्व तगडा बजट खर्च कर प्री मानसून मेंटेनेंस कार्य कराया जाता है। ताकि बारिश के सीजन में विद्युत उपकरण एवं विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त न हो और विद्युत आपूर्ति सुचारू बनी रहे, लेकिन स्थानीय प्रशासन प्री मानसून मेंटेनेंस में खानापूर्ति भर करता है। जिससे बारिश शुरू होते ही लगभग प्रतिदिन ही लाइनें और उपकरण क्षतिग्रस्त होने, उनके मेंटेनेंस के नाम पर घंटों कटौती की जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशानी उठानी पडती है।

## न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस में दर्ज हो सका था मामला

# नगर के व्यापारी से ठगी का एक आरोपी पकडाया,दूसरा हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




स्थानीय पुलिस ने नगर के एक व्यापारी से धोखाधडी करने के मामले में दो व्यापारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसमें से एक व्यापारी को गत दिवस पुलिस ने गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश कर दिया। जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार नगर की व्यापारिक फर्म मां ट्रेडर्स के संचालक से विदिशा की फर्म मेसर्स सुरेन्द्र कुमार जैन के संचालक सुभाष जैन एवं उनके पुत्र सौरभ जैन ने 1754.50 क्विटल चना जिसकी कीमत 1,15,06306/ रूपया को क्रय करने का सौदा किया था। जिसे मां ट्रेडर्स द्वारा दिनाक 19/12/2024 से दिनांक 27/12/2024 की तक की अवधि में भेजा गया जो उन्हे प्राप्त हो गया। सौदा तय करते समय यह तय किया था कि माल प्राप्ति के 7-8 दिन के भीतर पूरा पेमेट मां ट्रेडर्स के खाते में भेज दिया जावेगा। लेकिन अनावेदक पक्ष ने तय सुदा वादे के अनुसार माल प्राप्ति के 7-8 दिन में परिवादी का सम्पूर्ण भुगतान नहीं किया और मात्र 6400000/ रुपया का भुगतान किया और जब शेष राशि के लिए बार-बार निवेदन किया गया तो टाल-मटोल करने के बाद दो चैक क्रमश 1800000/रु एवं 1700000/रु के दिए और शेष राशि फर्म के खाते मे डालने का वादा किया। बाद में पीडित पक्ष ने शेष राशि का भुगतान करने के लिए कहा, किन्तु आरोपीगण टाल-मटोल करते रहे है और उनका व्यवहार भी अभद्रतापूर्ण रहा। तब परिवादीया की ओर से थाना प्रभारी बासौदा को एक आवेदन दिया गया। उक्त आवेदन देने के बाद अनावेदक सौरभ जैन ने फर्म के खाते में 1367500/ रुपया भेजते हुए शेष राशि चैक के माध्यम से प्राप्त करने को कहा और शेष बची राशि फर्म के खाते में डालने की बात कही। लेकिन अनावेदक पक्ष ने जो चैक दिए उनके भुगतान पर छल व बेईमानीपूर्वक रोक लगा दी। इस बात से यह स्पष्ट हुआ कि अनावेदक पक्ष ने जो सौदा किया उसे करते वक्त ही उनके मन में परिवादी का भुगतान न करने का का पड़यत्र था। यह कि जो चेक छल पूर्वक दिए गए थे उनका भुगतान न होने पर इस सबंध में सौरभ जैन से बात की तो उसने विदिशा बुलावाकर आसामाजिक व्यक्ति के साथ मिलकर अव्यवहारिक व्यवहार किया और बोले कि तुम्हारा पैसा नहीं देगे हमने तुम्हारा माल हड़प लिया है। इस बात से यह स्पष्ट हुआ कि अनावेदकगण ने व्यापारी होते हुए आपस में षडयंत्र रच परिवादी से चना खरीदा और भरोसा अर्जित करने के लिए सौदे की कुछ राशि का भुगतान किया तथा शेष राशि छल एवं बेईमानी पूर्वक नहीं दी। जिसके बाद पीडित पक्ष ने 25 अप्रैल 2025 को थाने में थाना प्रभारी को शिकायती आवेदन दिया, लेकिन आवेदन लेने में टाल मटोल की गई और बाद में 1 मई को आवेदन तो ले लिया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद 6 मई को पुलिस अधीक्षक को भी इस संबंध में शिकायत की गई, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद पीडित पक्ष ने न्यायालय में उक्त मामले को प्रस्तुत किया। जिसके बाद प्रथम श्रेणी न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट रावेन्द्र सोनी द्वारा जारी आदेश के पालन में गत 6 अगस्त को पुलिस ने इस मामले में फर्म सुरेन्द्र कुमार जैन के प्रोपायटर सुभाष चंद जैन और सौरभ जैन निवासी अरिहंत विहार विदिशा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 और 316, 2 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इस बीच गत दिवस पुलिस ने सूचना मिलने पर विदिशा गल्ला मंडी से प्रकरण में आरोपी सुभाष चंद जैन को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी सौरभ जैन फरार हो गया। पकडे गए आरोपी सुभाष चंद जैन को पुलिस ने पूछताछ के बाद आज न्यायालय में पेश कर दिया।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में संभाग स्तर पर गोल्ड हासिल करने वाले ताइक्वांडों खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। खिलाड़ियों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, खेल अधिकारी कपिल गौड़, गजेन्द्र सिंह दांगी सहित शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं। कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि भोपाल के आईईएस स्कूल कालीखेड़ा में संभाग स्तरीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता सम्पन्न हुई थी। जिसमें संस्था की दिशा यादव ने अंडर 17 जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। इसी तरह अंडर 19 वर्ग में सक्षम जाटव ने गोल्ड जीता था। गत दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दोनों खिलाड़ियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि गत वर्ष भी दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके हैं। डायरेक्टर केएस यादव एवं प्राचार्य उमेश चंद्र यादव सहित शिक्षकों ने दोनों खिलाड़ियों को सागर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं एवं शुभाशीष दिया है।

## जाटव ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अपाक्स मध्य प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव द्वारा गत दिवस संगठन का ब्लॉक अध्यक्ष प्रज्ञानंद जाटव उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घटेरा को नियुक्त किया गया। जाटव की नियुक्ति पर शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हिंदु, मुस्लिम समाज की दूरियां कम करेगा मंच




गंजबासौदा। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गो सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक डा इन्द्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मुस्लिम समुदाय को राष्ट्र की मुख्य धारा मे लाने अभियान चलाकर निरक्षर को साक्षर बनाने, तालीम तहजीब तरक्की की नई राह पर लाने का आह्वान किया है । मुस्लिम राष्ट्रीय मंच देश में आपसी संवाद, समन्वय और राष्ट्रीय एकता की भावना को और सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में देश में हिंदू-मुस्लिम जैसे धार्मिक विवाद को कम करने का लक्ष्य भी तय किया गया है। यह युद्धों व संरक्षणवादी आर्थिकी निर्णयों से बदलते वैश्विक माहौल में देश के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी भी माना जा रहा है। देश को आर्थिक प्रगति व स्थिरता देने के लिए जरूरी है कि आपसी मतभेद खत्म हो और हिंदू-मुस्लिम मिलकर आगे बढ़ें। मुस्लिम समाज से संवादों का यह सिलसिला संघ की करीबी संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से तेज किया जाएगा। आगामी दो माह में दिल्ली में एक बड़े मुस्लिम सम्मेलन के साथ ही देशभर में जिला स्तर पर मुस्लिम बौद्धिक बैठकों का आयोजन होगा। 27 सितंबर को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम मे 11 से 4 बजे तक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है । जिसमें राष्ट्र के वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। इसी तरह, शताब्दी वर्ष में संघ द्वारा लक्षित करीब 20 करोड़ घरों में गृह संपर्क में मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में यह जिम्मा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उठाएगा। यह निर्णय मंच के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया।

## केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर दिल्ली से आए विशेषज्ञ

# दल ने किया कृषि कॉलेज का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कृषि महाविद्यालय में भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के विकास हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के अधीन लाकर महाविद्यालय का कायाकल्प करने हेतु आश्वासन दिया था। इसी संदर्भ में गत दिवस भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का एक दल कृषि महाविद्यालय के भ्रमण हेतु गठित किया गया था। जिसमें कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक डॉक्टर आरके शर्मा, सोयाबीन संस्थान इंदौर के प्रमुख वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. संजय गुप्ता भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान के भोपाल के विभाग प्रमुख डॉक्टर तपन अधिकारी ने महाविद्यालय का भ्रमण किया एवं उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी से परिचर्चा की भ्रमण के बाद तीन सदस्य दल ने महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के हॉस्टल का क्लासरूम का भ्रमण एवं विभिन्न विभागों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ विनोद कुमार गर्ग एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। दल ने कृषि महाविद्यालय के विकास की विभिन्न संभावनाओं को देखा। साथ ही दल के साथ महाविद्यालय के प्रोफेसर से उनके कार्य की प्रगति एवं महाविद्यालय में भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। उसके आधार पर उन्होंने विकास हेतु संभावनाएं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की, जो कि आगे की कार्रवाई के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली को प्रेषित की जाएगी।

## विद्युत कंपनी कर्मचारी दुकान के आगे पेड़ पर ही बांध गए विद्युत तार



**गंजबासौदा।** विद्युत कंपनी कर्मचारी किस तरह लापरवाही और खतरनाक ढंग से झूलते विद्युत तारों की मरम्मत करते हैं, उसे इस फोटो के माध्यम से समझा जा सकता है। बासौदा त्योंदा मुख्य मार्ग पर ग्राम बेतौली के पहले रघुवंशी टायर रिमोल्डिंग वर्कशॉप के सामने से विद्युत कंपनी की हाईटेंशन लाइन गुजरी है। कुछ समय पूर्व तेज आंधी में जब इस लाइन के तार नीचे झूलने लगे तो तारों को टाइट करने या एक और खंभा लगाने की जगह विद्युत कंपनी कर्मचारी झूलते तारों में इंसुलेटर लगाकर उसे वर्कशॉप के सामने लगे यूकेलिप्टस के वृक्ष से ही बांध गए। अब इन करंट प्रवाहित तारों के कारण तेज बारिश में कभी भी वृक्ष में करंट उतर सकता है और उससे कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। वर्कशॉप संचालक का कहना है कि वह इस संबंध में कई बार विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराकर पेड से बंधे तारों को हटाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## प्रथम पुण्य तिथि पर किया साड़ियों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रविवार को नागरिक सेवा समिति के तत्वावधान में स्वर्गीय दक्षा बहन पति हरीश भाई गाला की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर भोजनालय वितरण स्थल पर ढाई सौ जरुरतमंदों को खाना खिलाया गया एवं 501 महिलाओं को साड़ी वितरण की गई। इसमें गाला परिवार जबलपुर वालों का सहयोग प्रदान हुआ। इस अवसर पर नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष कांति भाई, शंभू दयाल, सुरेश चंद जैन, संतोष कुमार शर्मा, तुलसीराम पिंगले, प्रकाश वाधवानी, राजकुमार मलकानी, सुरेश ताम्रकार, दादा साध, योगेश शाह, संतोष महाराज, देवी सिंह कुशवाहा सहित समिति के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर कक्षा 12 वी की जरुरतमंद छात्रा को आर्थिक मदद भी प्रदान की गई। इस अवसर पर अनेक नागरिक गण मौजूद थे।

साल भर से विभाग की नहीं देखी गई कोई कार्रवाई, मिलावट खोरों के हौसले बुलंद

# मिलावट सामग्री का सेवन करने से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है बुरा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

जिला खाद्य एंव औषधि प्रशासन विभाग टीम द्वारा प्रत्येक माह में दो बार जांच दल सिरोंज आकर मिठाईयो की दुकानो का सिर्फ कागजो में निरीक्षण कर वापस लौट जाता है। आखिर ऐसा क्या कारण है कि नगर में संचालित लगभग एक हजार किराना दुकानो पर जांच व दुकानो का निरीक्षण करने के लिए यह टीम आज तक नही पहुच पाई। तो वही किराना दुकानो पर खाद्य विभाग द्वारा जांच न करने को लेकर तरह तरह के प्रश्नचिन्ह लगाए जा रहें है। खाद्य विभाग या तो किराना दुकानो पर मेहरबान है या फिर किराना दुकानो की जांच करने पर विभाग में किसी प्रकार का भय का वातावरण बना हुआ है या कोई राजनैतिक दबाव है। साथ ही ऐसे भी प्रतीत होता है कि इन किराना दुकानो की जांच न करने को लेकर विभाग पर किसी वरिष्ठ अधिकारी का दवाब है। इन सभी बातो को लेकर विगत कई महिनो से यह मामला नगर के चौक-चौराहो पर चर्चा का विषय बना हुआ।



### विभाग द्वारा पूर्व में समय समय पर की जाती थी कार्यवाही

यदि विगत वर्ष पूर्व की बात की जाए तो पूर्व में जिला खाद्य एंव औषधि प्रशासन विभाग में पदस्थ खाद्य अधिकारी जगदीश विश्वकर्मा द्वारा समय समय पर सिरोंज में आकर किराना व मिठाई दुकानो का निरीक्षण कर सैंपल की कार्यवाही की जाती थी। जिससे नगर में संचालित मिठाई,किराना,दूध डेयरी संचालक खाद्य सामग्री में मिलावट करने से भी डरते नजर आते थें। साथ ही त्यौहारो के नजदीक आते ही विभाग की टीम द्वारा प्रत्येक दुकानो का निरीक्षण कर दुकानदारो को मिलावटी सामग्री विक्रय न करने की हिदायत दी जाती थी। जिससे आम नागरिको को भी ताजी सामग्री मिल पाती थी। लेकिन विगत एक दो वर्षो से जिला खाद्य एंव औषधि प्रशासन विभाग के ढीले रवैए के चलते मिलावट खारो के हौसले बुंलद होते जा रहें। नगर में खुलआम मिलावटी सामग्री का विक्रय बिना किसी खौफ के जोरो से चल रहा। जिससे मिलावटी सामग्री का सेवन करने से नागरिको के स्वास्थ्य पर भी काफी बुरा असर देखा जा रहा हैं। मिलावटी सामग्री का सेवन करने से आए दिन अनेको नागरिक बीमारियो का शिकार हो रहें है। जिससे अस्पतालों में भी मरीजो की संख्या प्रतिदिन बढती जा रही है। मिलावटो खोरो की जानकारी विभाग के अधिकारियो के पास होने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न करना कई प्रश्न चिन्ह खडें कर रहा है।

### नागरिको की सेहत के साथ हो रहा खिलवाड

नकली खाद्य सामग्री का खुले आम विक्रय करने वाले व्यापारी नागरिको की सेहत के साथ खिलवाड कर रहें है और खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानकारी होने के बाद भी अपने कार्यालय में बैठे-बैठे इस खेल को देख रहें है। नकली खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यापारियो का चेहरा जब जनता के सामने आता है जब कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो जाता है। आम नागरिको को यह पता भी नही होता कि जो खाद्य सामर्ग्री वह ऊंचे दाम देकर खरीद रहे है वह नकली माल है। ऐसे व्यापारियो पर कोई कार्यवाही न होने से अन्य व्यापारियो भी ज्यादा पैसे कमाने की चाहत में मिर्च,मसाले सहित अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट कर खुले आम बाजारो में बेच रहें है।

### कई महीने बीते लेकिन खाघ विभाग का कोई अता पता नही

त्यौहार नजदीक आते ही नगर में नकली मावा व मिठाइयाँ बनाने का काम तेजी से फल फूल रहा है। तो वही नकली मावे की ब्रिकी भी तेज हो गई है। रंग बिरंगी मिलावटी मिठाइयाँ भी खुले आम बिक रही है। त्योहार आते ही कम समय में अधिक धन लाभ अर्जित करने के लिए मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में मिलावट खोर रंग बिरंगी कई मिठाइयों को दुकानों पर सजाने लगते हैं जो की स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होती हैं। इन रंग बिरंगी मिठाइयों में जो गुणवत्ता होनी चाहिए वह दूर दूर तक कही नजर नहीं आती है, स्वाद में तो खोए के समान लगती है, लेकिन इन मिठाइयों में एक प्रतिशत भी खोए की मात्रा नहीं होती है। सिरोंज में इन दिनों मिठाइयों का मिलावटी कारोबारों खूब फल रहा है कई जगह तो ऐसा देखा जा रहा है जहां खुले में मिठाइयां रखी हुई है जिससे सड़कों से उड़ने वाले धूल के कण इनमें समा रहे हैं, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना है। ऐसी मिठाई खाकर लोगों का स्वास्थ्य भी खराब हो सकता है। बाजार में तरह तरह की मिलावटी मिठाइयाँ उपलब्ध है ग्राहकों से शुद्धता के नाम पर ज्यादा पैसे वसूल किये जा रहे हैं लेकिन सामग्री सही नहीं मिलती। तो वही कार्यवाही के डर से मिठाई विक्रेता दिन की बजाय रात में मिठाइयों तैयार कर रहे है रात में मिठाइयों तैयार करने के बाद उन्ही मिलावटी मिठाइयों को दिन में दुकानों पर सजा दिया जाता है। वही गणेश चतुर्थी सहित अन्य त्यौहारो में बस तीन दिन बजें है और खाघ विभाग की टीम का इस वर्ष कोई अता पता नही है। खाघ विभाग की टीम के निरीक्षण नही करने से मिलावट खोरो के हौसले बुलंद होते जा रहें है और नकली व मिलावटी सामग्री का नगर में जोरो से विक्रय किया जा रहा है।

### जिले की सबसे बडी मावा मंडी सिरोंज में

यदि विदिशा जिले में मावे की ब्रिकी की बात की जाए तो सिरोंज में पूरे जिले की सबसे बडी मावा मण्डी है। यहा आसपास ग्रामीण क्षेत्रो से बडें स्तर पर मावा आता है और त्यौहारो के समय विदिशा सहित अन्य बडें-बडें शहर में सिरोंज से मावा सप्लाई किया जाता है। लेकिन खाघ विभाग की टीम द्वारा मावा की जांच नही होने से क्षेत्र में नकली मावा का विक्रय तेजी से हो रहा है। खाद्य विभाग की टीम यदि कभी आ भी जाती है तो कार्यवाही के नाम पर एक दो दुकानों पर खानापूर्ति कर वापस चली जाती है। क्योकि खाघ विभाग के जो अधिकारी है वह विदिशा से सिरोंज कार्यवाही के लिए आते है और उन्हें सिरोंज आते आते दोपहर हो जाती है जिस कारण वह नगर की दो चार दुकानों पर ही कार्यवाही कर पाते है और शाम होने से पहले ही वापस लौट जाते है। कभी-कभी तो ऐसे देखा जाता है कि त्यौहार निकल जाने के बाद विभाग के अधिकारियों की नींद खुलती है और वह त्यौहार निलने के बाद कार्यवाही के लिए पहुचतें है। इससे पहले त्यौहार पर मिलावट खोर अपना कम कर लेते है और नकली मिठाईया सहित अन्य खाघ सामग्री का जोर सोर से व्यापार कर लिया जाता है।

**करेंगे कार्रवाई**

हम शीघ्र समस्त दुकानो का निरीक्षण कर सैंपल की कार्रवाई की जाएगी।

**कुदशिया खान,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी विदिशा

## परंपरागत व धार्मिक भक्ति भाव से मनाया जाएगा ग्यारह दिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

परंपरानुसार इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा ग्यारह दिवसीय गणेश जन्मोत्सव समारोह धार्मिक भक्ति-भाव एवं उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारी हेतु शनिवार को श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाँई पर रात्रि में समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें प्रतिदिन यहाँ आयोजित होने वाले सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के संबंध में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ प्रदान की गई। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा ने आर्शीवचन देते हुए कहा कि यह नगर का सबसे प्राचीन गणेश मंदिर है यहाँ पिछले कई वर्षों से श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा एवं नई पीढ़ी को संगठित करने हेतु सनातन धर्म से युक्त शिक्षा एवं धार्मिक संस्कार देना बहुत जरूरी है।

### समयानुसार भव्य व दिव्य होता जा रहा है यह आयोजन

इस अवसर पर बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक एवं समिति के सदस्य उमकांत शर्मा ने कहा कि यह उत्सव सम्पूर्ण नगर एवं तहसील का उत्सव है इसलिए समस्त नगरवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष यह धूमधाम से मनाया जाता है। परंपरानुसार एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अनुरूप सम्पन्न होने वाले इस उत्सव स्वरूप समयानुसार भव्य एवं दिव्य होता चला जा रहा है। यह भक्ति का भाव है और भक्ति हमारे ह्रदय से जागृत होती है इसलिए हम सब तन-मन-धन से सहयोग करके इस उत्सव को सफल बनाऐं। इस अवसर पर बैठक में समिति अध्यक्ष कृष्ण विहारी पांडे, वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश दुवे एवं रमेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं नगर के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।

### ग्यारह दिन तक प्रतिदिन होंगे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन

इस अवसर पर आयोजित होने वाले ग्यारह दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में 27 अगस्त को श्री गणेश जन्माभिषेक पूजन एवं दुर्वा सहस्त्रार्चन,28 अगस्त को रात्रि में केवट समाज का कींगड़ी गायन,29 अगस्त को धार्मिक भक्ति संगीत, नृत्य प्रतियोगिता,30 अगस्त को श्री अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ एवं 31 अगस्त को श्री अखण्ड रामायण पाठ का समापन होगा। 1 सितम्बर को देशभक्ति गीत प्रतियोगिता,2 सितम्बर को एक देश एक चुनाव विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता,3 सितम्बर को डोल ग्यारस पर भव्य झाँकी एवं विमानों का दर्शन स्वागत होगा। 4 सितम्बर को महिला मंडल द्वारा मंगल गान,5 सितम्बर को महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन एवं 6 सितम्बर को हवन-पूजन विसर्जन एवं भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।

## झांकी स्थल पर समिति के सदस्य रात्रि के समय आवश्यक रूप से रुकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶नटेरन



नटेरन थाना परिसर में आगामी गणेश उत्सव की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई। जिसमें गंजबासोदा एसडीओपी शिखा भलावी नायब तहसीलदार पीयूष जैन थाना प्रभारी, गोकुल प्रसाद अजनेरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

थाना प्रभारी अजनेरियां ने बताया की सभी झांकी समिति अपनी अपनी समिति की सूची थाने में आवश्यक रूप से जमा कराएं। झांकी चौ चौराहों पर ऐंसी जगह लगाएं जिससे आमजन को आने जाने निकलने में परेशानी न हो। नायब तहसील दार जैन ने बताया की झांकी स्थल पर लाइट के तार कटे फटे न हो व्यवस्थित टेंपिग करके जोड़े जिससे करंट का डर न रहे। साफ सफाई के उचित प्रबंध हो एसडीओपी शिखा भालवी ने बताया की रात्रि के 10 बजे बाद डीजे प्रतिबंधित रहेगा। डीजे की ध्वनि तीव्रता कम होनी चाहिए। विसर्जन के समय छोटे बच्चों को न ले जाएं। झांकी स्थल पर रात्रि के समय झांकी समिति के सदस्य आवश्यक रूप से रात झांकी स्थल पर ही रुकें। शांति समिति की बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने जब ग्रामीणों से अपने सुझाव पूछे तो ग्रामीणों ने सहजता पूर्वक गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव के अवसर पर गांव गांव बिक रही शराब बंद हो जाए।

## राधाजी के मंदिर में राधा अष्टमी महोत्सव 31 को मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

राधाजी का मंदिर राधिका कुंज वृंदावन गली नंदवाना में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 31 अगस्त रविवार राधा अष्टमी को अति प्राचीनतम मंदिरों में से एक राधिका जी का मंदिर राधिका कुंज वृंदावन गली नंदवाना में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।

वर्षभर राधा जी की गुप्त सेवा उपरांत नियमानुसार इस वर्ष भी सिर्फ एक दिन के लिए राधा रानी के जन्मोत्सव पर ही जन सामान्य के लिए दर्शनार्थ हेतु मंदिर के पट दिन में दोपहर 12 बजे खोले जाएंगे। इस बार राधा अष्टमी मनाने के लिए विशेष रूप से तैयारियां की गई हैं। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण वृंदावन की स्वेत पोशाक, कुंदन और मोतियों का सिंघासन, उज्जैन के ढोल व ताशे है। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में राधा जी के मंदिर लगभग 300 वर्ष से अधिक समय से स्थापित है। मुगल काल में औरंगजेब के मथुरा वृंदावन पर आक्रमण के समय भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी के विग्रह को सुरक्षित रखने के लिए वहां से लाकर विदिशा के मंदिरों में गुप्त तरीके से स्थापित कर दिया गया था।



### दिनभर होंगे आयोजन

दोपहर 12 बजे महाआरती एवं राधा जी का जन्मोत्सव उपरांत प्रसादी वितरण होगा। इसके साथ ही भजन मंडली द्वाराआरती भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम को संध्या आरती एवं भोग दर्शन उपरांत रात्रि में भजन संध्या कार्यक्रम सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद पट बंद हो जाएंगे। एक सितंबर सोमवार को सांयकाल 5 बजे पुनः मंदिर के पट संध्या आरती के लिए खोले जाएंगे एवं महिला संगीत द्वारा राधाजी के जन्म उत्सव की बधाइयां होंगी। रात 10 बजे शयन आरती के बाद पुनः मंदिर के पट जन सामान्य के लिए बंद कर दिए जाएंगे। जो अगले वर्ष राधा अष्टमी के दिन ही जन सामान्य को श्री राधिका जी के दर्शन हेतु खोले जाएंगे।

### आदतन अपराधियों को 6-6 माह के लिए किया जिला बदर

**सागर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए 2 आदतन अपराधियों को 6-6 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त रामरूप उर्फ रामस्वरूप पिता देवी सिंह उम्र 35 साल निवासी ग्राम बारछा थाना बहेरिया को 06.माह एवं बंटी पिता शिवलाल बंसल उम्र 21 साल निवासी जासौड़ा थाना बरायठा को 06.माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है।

### गौशाला की महिलाओं का तीसरा बैच प्रशिक्षण प्रारंभ

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सागर इकाई से जुड़ी विकासखंड केसली और रहली को जो गौशाला चला रहे हैं साकेत धाम गौशाला में उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इन महिलाओं को गोबर और गोमूत्र के इस्तेमाल से बनने वाले उत्पाद बनाना सिखाया गया।

## बरौदिया के सूर्यप्रताप ने रचा इतिहास, एम्स भोपाल में चयन, नगर को किया गौरवान्वित



**बरौदिया कलां।** शुक्रवार रात घोषित एम्स के नतीजे में नगर के सूर्यप्रताप राजपूत का चयन हुआ है। अपनी मेहनत ,लगन और संघर्ष से राजपूत ने यह उपलब्धि प्राप्त की हैं जहां पहुंचना हजारों का सपना होता हैं। यह उपलब्धि ना सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण हैं। सूर्यप्रताप के पिता उजागर किसान है। सामान्य परिवार से आने के बावजूद उसने कठिन परिश्रम और अटूट विश्वास से यह मुकाम हासिल किया हैं। वर्तमान में सूर्यप्रताप बतौर मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालथोन में पदस्थ हैं। डॉ सूर्यप्रताप ने बताया कि उन्होंने नौकरी के साथ पढ़ाई अनुशासन और निरंतर अभ्यास को अपनी आदत बना लिया है। सीमित संसाधन और ग्रामीण परिवेश भी उनको रोक नहीं सके हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, दोस्तों और अस्पताल के सहयोगी स्टॉप को दिया हैं। मेरी मेहनत और धैर्य ही मेरी सफलता का कारण है। नगर के लोगों का आशीर्वाद भी उनके साथ हमेशा रहा हैं। जिसके चलते उनका सपना हकीकत में बदल सका हैं। उनकी इस उपलब्धि पर दयाराम चौरसिया, राकेश मिश्रा, मनोज तिवारी, धनीराम सेन शिक्षक, निरंजन सिंह राठौड़, बलराम ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, विकास सेन,र ा हुल सेन श्रीराम फाइनेंस, निखिल दांगी, नीरज लोधी महाकाल, मनोज सेन, कविंद्र लोधी राहुल चौरसिया, राम चौरसिया, सहित नगर वासियों ने बधाई दी हैं।



### सीताराम लेखन हेतु निशुल्क कापियों का वितरण

**सागर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन सरकार की प्रेरणा एवं विशेष कृपा से अप्रैल सन 2012 से प्रारंभ श्री सीताराम नाम लेखन 18 बार सवा करोड़ लेखन जप के संकल्प को पूर्ण करते हुए वर्तमान में भी अनवरत जारी है। लेखन हेतु भक्तों को निशुल्क कॉपी हनुमान दुर्गा भैरव धाम परिसर स्थित सीताराम नाम बैंक एवं सनराइज मेगा सिटी सागर से वितरित की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए सीताराम बैंक जिला शाखा तहसीली के सहव्यवस्थापक पंडित बृजेश द्विवेदी ने बताया कि इसी क्रम में आज रविवार को उनके निज निवास सनराइज मेगासिटी से 75 कोपियों का वितरण लेखन हेतु किया गया।

## मोबाइल फोन अच्छा मित्र है, लेकिन एक बुरा स्वामी भी है, इसका उपयोग सावधानी से करें: प्रो. केके पंजाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा




एसटीआई यांत्रिकी महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक केके पंजाबी ने एमएलबी कन्या महाविद्यालय में आयोजित संस्कार कक्षा में छात्राओं को संबोधित किया। संस्कार कक्षा का आयोजन लांयस क्लब आनंदपुर सद्गुरु द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर केके पंजाबी, विशिष्ठ अतिथि एमजेएस लायन सीएल गोयल, ओजश्वनी मेघानी संस्था के प्रभारी व्याख्याता एसके रिछारिया ने दीप प्रज्वलन किया। क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ दिनेश शर्मा, सचिव लायन विनेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष लायन प्रकाश गोयल उपस्थित रहे। अतिथियों के सम्मान के बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का जीवन परिचय, क्लब के सचिव लायन विनेश त्रिपाठी ने वाचन किया। अध्यक्ष लायन डॉ दिनेश शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया, छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना गायन के बाद दो छात्राओं द्वारा सुविचार व्यक्त किए गए । मुख्य अतिथि केके पंजाबी ने संस्कार कक्षा के विषय मोबाइल फोन एक अच्छा मित्र है किंतु बुरा स्वामी पर उद्बोधन करते हुए, सर्वप्रथम भगवतगीता के एक श्लोक का अर्थ समझाते हुए कहा कि वास्तव में कोई भी व्यक्ति स्वयं ही अपना मित्र होता है एवं स्वयं ही शत्रु भी। जब हम जागरूक रहते हैं तो अपना हित होता है। जब हमारा व्यवहार असंतुलित होता है तो हम अपने ही शत्रु बन जाते हैं, हम जब अपने समय एवं साधनों का सदुपयोग करते हैं तो हितकारी होता है अन्यथा हमारा अहित होता है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ लायन सीएल गोयल ने छात्राओं को समझाया कि वास्तव में वर्तमान समय में मोबाइल फोन बहुत उपयोगी एवं काम का साधन है किंतु सावधानी न रखने पर। उससे अनेक प्रकार की हानि भी संभावित होती है यही बात प्रोफेसर मेघानी ने भी कहीं। छात्राओं को प्रश्नोत्तरी पर पुरुस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन संस्कार कक्षा प्रभारी शिक्षाविद लायन केएन शर्मा ने किया विधालय की ओर से व्याख्याता एसके रिछारिया ने माना। जबकि क्लब की ओर से कोषाध्यक्ष लायन प्रकाश गोयल ने विद्यालय के लिए धन्यवाद दिया।

### कुशवाह समाज ने निकाली शोभायात्रा



**कुरवाई।** लव कुश जन्म महोत्सव पर कुशवाह समाज ने शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा मुरलीधर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्यमार्ग से होते हुए साहू समाज धर्मशाला पर पहुंची। नगर में नगर वासियों ने शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाह, जिला महामंत्री सिद्धि कुशवाह, बीना से महेश कुशवाह, विधानसभा अध्यक्ष सिरोंज से रेवाराम कुशवाह, ग्यारसपुर से धन सिंह कुशवाह, उदयपुर से गिरीश कुशवाह, पठारी से राजेश कुशवाह आदि शामिल हुए।

**कार्यालय प्राथामिक वनोपज सहकारी समिति मर्या.**
**शमशाबाद**

पंजीयन क्रमांक ARVDS/334 दिनांक 15/11/1988

// वार्षिक आमसभा //

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित शमशाबाद की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनाँक 09-09-2025 दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजे स्थान समिति कार्यालय में रखी गई है।

अतः समिति के समस्त सदस्यों से अनुरोध है कि नियत समय पर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। निर्धारित समय में कोरम के अभाव में आधा घंटे बाद पुनः बैठक आरम्भ की जावेंगी। जिसमें गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा।

| प्रबंधक | अध्यक्ष |
|---|---|
| कैलाश सिंह बँजारा | श्री कृष्णपाल सिंह यादव |
| प्राथ. लघु वनो. सह. समिति शमशाबाद | प्राथ. लघु वनो. सह. समिति शमशाबाद |

सुप्रीम कोर्ट ने कहा : जहां हाइवे की हालत खराब, वहां नहीं वसूल सकते टोल टैक्स

# गड्ढों का नेशनल हाईवे, टोल टैक्स वसूली जारी

- वाहनों से बराबर टोल टैक्स वसूली के बाद भी हाईवे के नहीं भरे जा रहे गड्ढे
- सड़कों पर गड्ढों की वजह से वाहनों के कलपुर्जों की हो रही है टूट-फूट
- आये दिन हो रहे सड़क हादसे, इसके बाद भी जिम्मेदार बैठे मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नेशनल हाईवे सड़क की हालत काफी जर्जर और गड्ढानुमा हो चुकी है, फिर भी सेहतगंज स्थित टोल टैक्स बैरियर से वाहनों से राशि वसूली जारी है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने हाइवे के गड्ढों को लेकर फटकार भी लगाई है।

जिले की सीमा में एनएच 45 पर तीन टोल हैं। एक औबेदुल्लागंज में, दूसरा बाड़ी के पास समनापुर में तथा तीसरा उदयपुरा के पास खिरिया में है। समनापुर का टोल सबसे महंगा है। इस पर छोटे चार पहिया वाहनों से 155 रुपए लिए जाते हैं, जबकि हल्के मालवाहक से 245 रुपए, बस या ट्रक से 515 रुपए, तीन एक्सिल वाले वाहन से 565 रुपए तथा सात या उससे अधिक एक्सिल वाले वाहनों से 810 रुपए टैक्स लिया जाता है। समनापुर और खिरिया टोल के बीच की दूरी भी नियमानुसार नहीं है। इन दोनों के बीच की दूरी लगभग 50 किमी है, जबकि 60 किमी से कम दूरी पर टोल नाका होना नियमों के विरुद्ध है।

### ये हैं एनएच 146 के हाल

भोपाल से रायसेन होते हुए सांची तक नेशनल हाइवे 146 की हालत बेहद खराब हो गई है। मार्ग पर गड्ढों की गिनती करना भी मुश्किल है, कई जगह तो सड़क का डामर भी उखड़ गया है। वाहनों में हर दिन कलपुर्जों की टूट-फूट हो रही है। कई जगह तो दुपहिया वाहनों को चलाना ही मुश्किल हो गया है। जर्जर हालत होने के बावजूद सेहतगंज पर स्थित टोल नाका पर वाहनों से बराबर टैक्स वसूला जा रहा है।

### सीएम हेल्पलाइन पर भी हो चुकी शिकायत, हालात जस के तस

शहर के एक जागरूक नागरिक विनीत माहेश्वरी ने 22 जुलाई को सीएम हेल्पलाइन के राष्ट्रीय राजमार्ग वाले विकल्प पर एनएच 146 की बदहाली को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। अधिकारियों ने पूरे मामले में गुमराह किया। पहले शिकायत को पीडब्ल्यूडी के पास पहुंचाया, फिर एमपी आरडीसी के पास पहुंचा दिया। करीब डेढ़ माह के बाद शिकायत का निराकरण करते हुए बताया गया कि कार्य प्रगति पर है। जबकि शिकायतकर्ता से संतुष्टि भी नहीं जानी गई और शिकायत को क्लोज कर दिया। जबकि हकीकत में सड़क पर कोई मरमत का काम नहीं कराया गया।



### जिले से निकले हाइवे पर गड्ढे ही गड्ढे, फिर भी टोल टैक्स वसूली में नहीं पीछे

*जिले से गुजरे नेशनल हाईवे जयपुर-जबलपुर, हाइवे भोपाल-विदिशा और ओबेदुल्लागंज से होशंगाबाद इटारसी पर बड़े ब्लैक स्पॉट फिर भी नहीं सुधार पाए। जिले में दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा ब्लैक स्पॉट में रायसेन सदालतपुर और भोपाल बालमपुर पहाड़ की घाटी पर है। यहां पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसमें लोगों की जानें जा रही हैं। इसको लेकर प्रशासन की ओर से भी प्रयास किए गए लेकिन टोल टैक्स वसूली वाहनों से लगातार जारी है।*

### महाकुंभ में भारी टोल वसूली फिर भी समायोजन नहीं

*कुछ महीने पहले ही प्रयागराज यूपी में महाकुंभ मेला लगा था, जहां पहुंचने के लिए लाखों लोगों ने रायसेन जिले के नेशनल हाइवे का उपयोग किया। इन वाहनों ने बड़ी मात्रा में टोल टैक्स भी जमा किया। प्रयागराज को दक्षिण भारत से जोडने का रायसेन से सागर रीवा प्रमुख मार्ग है। उन दिनों इतना अधिक संख्या में वाहन आ रहे थे कि सड़कों पर ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति हर समय बनी रहती थी। एक अनुमान के मुताबिक कई महीने की वसूली इसी महाकुंभ मेले के दौरान एक महीने में हो गई। उन दिनों टोल नाकों से हर दिन 20 से 30 हजार की संख्या में वाहन गुजर रहे थे। विशेष स्नान के दिनों में यह संख्या और बढ़ जाती थी। कहा जाता है कि सड़क मार्ग की लागत का बड़ा हिस्सा इस अवधि में वसूल हो गया फिर पहले की तरह मनमानी वसूली जारी है, समायोजन कर टोल कम करने की कई बार मांगें उठ चुकी हैं।*

### टोल कंपनी की जिम्मेदारी

- **सड़क की देखभाल :** टोल टैक्स वसूली से सड़क की मरम्मत सफाई और गड्ढों की मरम्मत की जाती है।
- **शौचालय :** महिला-पुरुष और दिव्यांगों के लिए शौचालय की व्यवस्था करना।
- **पीने का पानी :** स्वच्छ एवं ठंडे पानी की व्यवस्था करना।
- **प्राथमिक चिकित्सा :** दुर्घटना में घायलों के इलाज के लिए बेसिक मेडिकल किट।
- **एम्बुलेंस सुविधा :** प्रत्येक टोल प्लाजा पर एम्बुलेंस सुविधा होना चाहिए।
- **हेल्पलाइन नंबर :** यात्रियों को आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1033 होना चाहिए।

### मरम्मत की जाएगी

हाइवे पर किसी तरह का अवरोध नहीं हो और सुगम आवागमन की सुविधा के लिए ही टोल वसूली की अनुमति दी जाती है। रायसेन में मवेशियों को हटाने पेट्रोलिंग होती है, भारी वाहनों की लीक से बनने वाले रूटिंग को सुधारने का कार्य चल रहा है। बारिश से बने गड्ढों की मरम्मत की जाएगी।

- **योगेश गुप्ता**, महाप्रबंधक एनएचएआई

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई

## 35 हजार से अधिक की अवैध शराब जब्त, सात प्रकरण दर्ज 6 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

आबकारी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब बैंचने एवं भंडारण की शिकायतों, सूचनाओं के आधार पर आबकारी एसआई राजेश विश्वकर्मा के साथ रायसेन, ओ.गंज, बेगमगंज के आबकारी बल अमले और नगर सैनिकों के सहयोग से क्षेत्र के ग्राम रमगढ़ा, नारदखेडा, कुटनासिर, भारकच्छ कलां, गौर मछवाई, गूगलवाडा, बरोदिया कलां, सनखेड़ा एवं सेमरी में छापामार कार्रवाई कर मौके से 6 आरोपी गौमती बाई, डाक्टर मुन्नू, मुकेश चौहान, सरिता अहिरवार, रज्जो बाई अहिरवार एवं राजेश चौहान को गिरफ्तार किया गया। जिन पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण बनाया। वहीं एक आरोपी सचिन छोट चौहान फरार हो गया।

### अवैध शराब, हाथ भट्टी शराब जब्त

ग्रामीण क्षेत्र में देशी शराब के साथ हाथभट्टी शराब बैंचने सक्रियता बनी हुई है। जिसमें पुरूषों के साथ महिलाओं की भी संलग्नता बनी रहती है। आबकारी अमले ने आरोपियों से 80 लीटर हाथभट्टी शराब, 129 पाव देशी मसाला, 40 पाव देशी प्लेन शराब, 17 बल्क केन बीयर जप्त की गई। जिसकी कीमत 35 हजार रुपए से अधिक आंकलित की गई।

## खबर संक्षेप

### सांची राजपूत महासभा के अध्यक्ष बने अंशु राजपूत



**सांची।** नगर की राजपूत धर्मशाला में राजपूत समाज बैठक हुई, जिसमें समाज के लोग शमिल हुए। बैठक में राजपूत समाज के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह ठाकुर, समाज के वरिष्ठ जन की सहमति से अध्यक्ष पद के लिए अंशुल राजपूत का नाम रखा गया। सभी ने अंशु राजपूत के नाम का समर्थन किया। साथ ही कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मोहन सिंह, सचिव लक्ष्मीनारायण राजपूत, सह सचिव तीरथ सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष वीर सिंह पटेल नागोरी को बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अंशु राजपूत का समाज के लोगों ने शॉल श्रीफल, पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया एवं बधाई दी।

### चिचौली में विद्यार्थियों को मिली निशुल्क साइकिल

**सिलवानी।** शासकीय माध्यमिक शाला चिचौली में मध्यप्रदेश शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू भाई, ग्राम सरपंच शिवराज सिंह रघुवंशी, शाला के पूर्व प्रधानाध्यापक प्रभारी रामकृष्ण रघुवंशी, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह साइकिल न केवल बच्चों के लिए स्कूल तक पहुंचना आसान बनाएगी, बल्कि उनके उज्वल भविष्य की राह को भी गति प्रदान करेगी।

### बारिश ने जिले की औसत वर्षा का आंकड़ा किया पार

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 24 अगस्त तक 1262 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 310.7 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 24 अगस्त तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 1042 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1128.2, बेगमगंज में 1342.7, सिलवानी में 1326.8, गौहरगंज में 1014.5, बरेली में 1370.2, उदयपुरा में 1770.7, बाड़ी में 1219, सुल्तानपुर में 1147.5 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1258.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वहीं बीते 24 घंटे में 37.8 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई। पूरे जिले में सबसे अधिक बारिश उदयपुरा में दर्ज की गई है।



रमासिया के गोविंदाओं ने फोड़ी 30 फीट ऊंची माखन मटकी

## महामाया चौक पर हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता, 6 टीमें हुईं शामिल

- विजयी ग्राम रमासिया की टीम को हिउस ने दिया 23 हजार रुपए का नगद पुरस्कार राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

श्री हिंदू उत्सव समिति रायसेन के बैनर तले शहर के महामाया चौक पर रविवार की शाम को मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में करीब 6 गोविंदाओं की टीमों ने हिस्सा लिया।

आखिर में भारी कश्मकश के बाद ग्राम रमसिया के गोविंदाओं की टीम ने माखन से भरी मटकी फोड़ी। वियजी रमासिया की टीम को हिउस द्वारा लगभग 23 हजार रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं विजेता टीम को बंटी गिफ्ट कलेक्शन की तरफ से भगवान कन्हैया की शानदार तस्वीर प्रदान की गई।



## खाद कालाबाजारी के खिलाफ कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

- किसानों के साथ छल-कपट कर रही है भाजपा सरकार: धर्मेंद्र चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



खुलेआम क्षेत्र में यूरिया खाद प्राइवेट दुकानों पर 20 प्रतिशत अधिक रेट पर बिक रहा है। बाड़ी के डबल लॉक गोदाम प्रभारी की मनमानी तानाशाही से किसान परेशान है। रातों-रात यूरिया एवं डीएपी गायब हो जाता है तथा रात के अंधेरे में वितरण पंजी में दर्ज भी हो जाता है। व्यवस्था के नाम पर लूट का धंधा चल रहा है।

किसान रोज लाइन में खड़े हैं गोदाम से रात को माल की सप्लाई हो रही है। किसान 4 बजे से खड़ा है किल्लत बताई जा रही है। सरकार कह रही है किल्लत नहीं, नौकरशाही कह रहे हैं माल नही। आखिर यह खेल किसके इशारे पर खेला जा रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाड़ी के नेतृत्व में किसान हित में प्रदेश कांग्रेस किसान अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने मोहन सरकार पर निशाना सदा। आखिर माफिया पर सरकार मेहरबान क्यों नौकरशाही को लूट की छूट क्यों। उन्होंने मोहन सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो किसान चुप नहीं बैठेंगे।

कांग्रेस नेता युद्धवीर पटेल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से सवाल किया है कि किसान रो रहा है और कृषि मंत्री गायब है। उन्होंने किसानों के साथ जगह-जगह कृषि मंत्री को ढूंढ के लाओ के पोस्टर लगाए।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष ठाकुर, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि भगवानदास चौहान, सुनील शर्मा, राममोहन शर्मा, गोविंद ठाकुर, आकाश पचौरी एवं बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेसियों ने सरकार होश में आओ के नारे लगाते हुए चिंतामन चौराहे से लेकर डबल लाक की भूमिका पर सवाल खड़े किए। एक जुलूस के साथ प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

### मनरेगा अभियंता संघ ने अपनी मांगों को लेकर शुरू की हड़ताल

**रायसेन।** मनरेगा संघ के उपयंत्रियों द्वारा अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर डॉ मोहन सरकार ने उनकी जायज मांगों को पूरा नहीं किया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

हड़ताल को लेकर शहर के होटल अमोघ में इंजीनियरों ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की, जिसमें रायसेन सरपंच संघ जिला इकाई ने भी हड़ताल का समर्थन किया। इस अवसर पर मनरेगा अभियंता संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा, सचिव अनुराग राजपूत, रोहित राजपूत, सहित सरपंच सैयद मसूद अली गढ़ी, राजू मेहरा ओगंज, शरद पाराशर, विनोद त्रिपाठी, नीलेश पाल, मोहन पटेल तरावली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चौकी प्रभारी सहित स्टाफ ने हाईवे पर मवेशियों को बांधी रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



रात के अंधेरे में भोपाल-विदिशा हाईवे 18 सड़कों पर बैठ रहे मवेशियों के साथ वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचाने स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही शुरू करते सड़कों पर बैठे मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगा रही है।

रविवार को चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह रघुवंशी, दिलीप यादव, संदीप सिंह लोधी ने सड़कों पर रात के अंधेरे में बैठने वाले मवेशियों को दुर्घटनाओं से बचाने उनके गलों में रेडियम पट्टी लगाई गई। हाईवे-18 पर स्थित चौहान ढाबा सहित अन्य जगहों पर रात को सड़कों पर बैठे मवेशियों के गले में पुलिस जवानों ने रेडियम लगाई। सड़कों पर बैठे मवेशियों से होने वाले हादसों पर लगाम लगाने पुलिस प्रतिदिन अभियान चलाएगी।

बारिश के दिनों में मवेशियों को सड़कों पर छोडऩे से मुख्य चौराहा सहित आसपास के इलाकों में मवेशियों के साथ दुर्घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। रात के अंधेरे में सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण कई बाइक सवार और वाहने भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है।

### एडीजे आजाक ने ली एससी-एसटी एक्ट प्रकरणों की समीक्षा बैठक




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को एडीजे आजाक आशुतोष राय द्वारा एसपी कार्यालय में अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एससी, एसटी वर्ग से संबंधित लंबित प्रकरणों, चालान तथा राहत प्रकरणों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के जल्द एवं न्यायोचित निराकरण के लिए दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में आईजी मिथलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, एसपी पंकज पाण्डे, एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे, एसपी आजाक नर्मदापुरम जोन, सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) उपस्थित रहे।

वार्ड पार्षद के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन, 8 सदस्यीय जांच टीम गठित

## 150 से अधिक परिवारों के नाम समग्र आईडी से हुई डिलीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




नगर के वार्ड नं. 5 के निवासी परिवारों में हडकम्प मचा हुआ है। 150 से अधिक परिवारों के 297 लोगो के नाम समग्र आईडी की केवायसी होने के बाद भी डिलीट हो गए। लाड़ली बहिना योजना का अगस्त माह की किस्त का महिलाओं को लाभ नहीं मिला। इसी के साथ परिवार वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन सहित शासन की अन्य योजनाओं से वंचित हो गए।

वार्ड पार्षद श्री रीना भरत शर्मा के नेतृत्व में वार्ड 5 के प्रभावित परिवार नपं. कार्यालय पहुंचे, और सीएमओ हरिशंकर वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों से लापरवाह कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही कर प्रभावितों की समग्र आईडी तत्काल बहाल करने की मांग की गई।

वार्ड नं. 5 में समग्र आईडी से परिवार और सदस्य आईडी कैसे डिलिट हो गए और सैकड़ो लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो गए। लाड़ली बहना योजना का अगस्त माह का लाभ नहीं मिला अन्य योजनाओं के लाभ से भी वंचित रहेंगे।

### चर्चा : आईडी डीलेट कैसे हुई

समग्र आईडी डिलीट होना क्या भूल है, या नपं. के कर्मचारियों द्वारा जानबूझ कर किया गया। व्यापक चर्चाओं का विषय बना हुआ है। क्षेत्र के विधायक सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। मामले की गंभीरता को देखते हुए 8 सदस्यीय जांच टीम गठित की है। टीम घर-घर जाकर प्रभावित परिवारों से संपर्क करेगी समग्री आईडी सुधार कर शासन की योजनाओं से जोडेगी। टीम को 5 दिनों में रिर्पोट देने के निर्देश दिए है।

### राहत मिलेगी

अगस्त माह की किस्त से वंचित बहनों को राहत मिलेगी। मंत्री जी के निर्देश के बाद प्रभावित परिवारों की आईडी शीघ्र बहाल कर दी जाएगी। जांच टीम को 5 दिन में रिर्पोट पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

- **श्रीमती रीना भरत शर्मा**, पार्षद वार्ड क्रमांक 5, नपं. बरेली।

### कार्रवाई करेंगे

शासन के निर्देशानुसार सभी समग्र आईडी परिवारों की केवायसी की जा रही है। यदि वार्ड 5 में जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मचारियों की लापरवाही से आईडी डिलीट हुए है। तो पीआईसी की मीटिंग में प्रकरण रखकर कार्यवाही की जाएगी।

- **हरिशंकर वर्मा**, सीएमओ नपं. बरेली